>

Title: Need to expedite payment of export subsidy to sugar mills in Bardoli Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली): महोदय, मैं माननीय मंत्री जी, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, का ध्यान चीनी मिलों को निर्यात पर मिलने वाली विशेष सब्सिडी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र, बारदौली सहित गुजरात की ज्यादातर चीनी मिलों को 2019-20 और 2020-21 की चीनी निर्यात पर मिलने वाली सब्सिडी अभी तक नहीं मिली है। कोरोना महामारी के कारण महीनों तक चीनी मिलें बंद रहने के कारण उन्हें पहले ही अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में निर्यात सब्सिडी न मिलने के कारण उन्हें किसानों को गन्ना खरीद का भुगतान सहित अन्य कई प्रकार के भुगतान करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण किसानों को उनके गन्ना आपूर्ति के भुगतान में भी दिक्कतें आ रही हैं, इस दृष्टि से यह मामला और भी गंभीर हो जाता है। अतः अतिशीघ्र चीनी मिलों को बकाया निर्यात सब्सिडी का भुगतान कराया जाए।

… (व्यवधान)